प्रदेश वासियों और श्रद्धालुओं को श्रावण मास की शिवरात्रि की हृदय से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

कांग्रेस को लगता है कि 'डकैती करना' उसका हक है और किसी को सवाल नहीं उठाना चाहिए।

— संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

संक्षिप्त खबरें

बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल प्रशासन का धन्यवाद

नई दिल्ली । सीबीएसई परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। हैप्पी इंग्लिश स्कूल, शरद विहार का बेहतर परीक्षा परिणाम है। इस स्कूल के अधिकांश छात्रों को फीसद 70 से ऊपर आया है, जो स्कूल के गौरव की बात है।अभिभावकों ने बताया कि कृष्णा जैन ने सभी विषयों में 95 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर खुशी रानी 93 फीसद व 92.6 फीसद अंक प्राप्त लक्ष्य पाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा अनेक बच्चों ने विभिन्न विषयों में उच्च अंक प्राप्त किए हैं। इनमें दिशा पडालिया ने हिंदी में 98, माहिका जैन ने अंग्रेजी में 95 फीसद अंक प्राप्त किए। अभिभावकों का कहना है कि यह बहुत गर्व की बात है कि कृष्णा जैन ने गणित और विज्ञान दोनों विषयों में 97 फीसद सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी में सौ फीसद अंक प्राप्त करके एक और ख्याति अर्जित की। सीबीएसई 10वीं में बोर्ड परीक्षा के नतीजे बहुत ही शानदार रहे।

कांवड शिविर आयोजित

नई दिल्ली । शिव भक्त कांवड़ियों के लिए मंगोलपुरी स्थित ओउम शिव मानस मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांवड़ियों के लिए शुद्ध भोजन के अलावा ठहरने की समुचित व्यवस्था की गयी थी। मंदिर के महंत पंडित सुदामा पांडेय, समाजसेवी एवं सहयोगी गोकुल चौधरी, ईश्वर चौधरी, सुनील आजाद, संजीव , सुरेश चौधरी, उमेश पासवान, मुकेश सरोज, सुजीत पांडेय, पवन पांडेय आदि मौजूद थे। शिविर में बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़िये पहुंचे।

चाइल्ड पीजीआई में एडवांस यूरोलाजी ऑपरेशन थियेटर शुरू

चाइल्ड पीजीआई निदेशक ने किया उद्घाटन

नोएडा (एसएनबी)। सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में मंगलवार को एडवांस यूरोलाजी ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया गया। नए ऑपरेशन थियेटर में बच्चों और वयस्क के लिए एंडोस्कोपिक स्टोन सर्जरी परक्यूटेनियस नेफ्रोलिथोटामी, यूरेटेरोस्कोपी और लेजर लिथोट्रिप्सी, सिस्टोलिथोट्रिप्सी, परक्यूटेनियस सिस्टोलिथोट्रिप्सी सर्जरी कराना आसान होगा। साथ ही इंडोस्कोपिक प्रोस्टेट सर्जरी, कैंसर के लिए इंडोस्कोपिक का उपचार हो सकेगा। ऐसे मरीजों को अब इलाज के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

निदेशक डा. अजय सिंह ने इसका उद्घाटन किया। यूरोलाजी संबंधी समस्याओं के लिए संस्थान में अब तक ओपन हार्ट सर्जरी की जाती थी, लेकिन अब एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के माध्यम से ऑपरेशन किया जाएगा। यूरोलाजी विभाग के चिकित्सक डा. प्रभात का कहना है कि एंडोस्कोपिक प्रक्रिया का लाभ रोगियों को मिलेगा। ऐसी कम दर्द प्रक्रियाएं बच्चों के लिए सहायक होती है। इसमें रोगी को अस्पताल से जल्द छुट्टी मिल जाती है। उन्होंने कहा कि संस्थान में फ्लोरोस्कोपी टेस्ट की शुरुआत की गई है। रेडियोलोजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. संगीता त्रिपाठी ने बताया कि फ्लोरोस्कोपी एक प्रकार की चिकित्सा इमेजिग है, जो एक मॉनीटर पर एक निरंतर एक्स-रे छवि दिखाती है। फ्लोरोस्कोपी प्रक्रिया के दौरान शरीर के माध्यम से एक्स-रे बीम पारित किया जाता है। इसमें कंट्रास्ट का भी प्रयोग किया जाता है। फ्लोरोस्कोपी के माध्यम से मरीजों को बेरियम निगल या बेरियम एनीमा, कार्डियक कैथीटेराइजेशन, आर्थोपेडिक सर्जरी, हिस्टेरोसाल्पिगोग्राम के उपचार में आसानी होगी।

थैलेसीमिया व हीमोफीलिया के मरीजों की जांच होगी आसान : पैथोलाजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योत्सना मदान ने बताया कि हीमोफीलिया एवं अन्य ब्लीडिग डिसआर्डर के मरीजों की जांच के लिए एनएचएम से सहयोग मिल रहा है। डा. नीता राधाकृष्णन ने बताया कि थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों के लिए रीजनल लैबोरेटरी फंडिग के तहत मशीन की स्थापना हुई है। इन बीमारियों की जांच के लिए अभी दिल्ली से भी मरीज आते है। यह मशीन अभी दिल्ली एम्स और एसजीपीजीआइ लखनऊ में स्थापित है।

शिशु मरीजों के लिए बनाया प्ले एरिया : अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. आकाश राज ने बताया कि अस्पताल में आने वाले रोगियों के खेलने की उचित व्यवस्था के मद्देनजर नजर प्ले एरिया का निर्माण किया गया है, जिसमें बच्चों के लिए झूले, स्लाइडर आदि की व्यवस्था की गई है। साथ ही संस्थान में आवासीय परिसर में भी बच्चों के खेलने के लिए दो प्ले एरिया का निर्माण किया गया है।

किसी भी देश के गुणात्मक विकास का आधार होती है शिक्षा : नायडू

हंसराज कॉलेज का इतिहास और उपलब्धियां अत्यंत गौरवशाली हैं : उप राष्ट्रपति

नई दिल्ली (एसएनबी)। उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के गुणात्मक विकास का आधार होती है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश में बड़े बदलाव का आधार बनेगी। भारत जैसे राष्ट्र को जिस तरह की शिक्षा नीति की आवश्यकता है, वर्तमान शिक्षा नीति उस पर पूरी तरह से खरी उतरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज सभी संस्थाओं एवं जीवन में भारतीयता और भारतीय जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। शिक्षा संस्थाओं को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए। श्री नायडू मंगलवार को डीयू से सम्बद्ध हंसराज कॉलेज के 75वें स्थापना दिवस समारोह में यह विचार व्यक्त किए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल कक्षाओं में ज्ञान प्राप्त करना नहीं बल्कि इसे व्यावहारिक शिक्षा और कौशल विकास से जोड़कर देखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि महात्मा हंसराज और स्वामी दयानंद सरस्वती की चेतना से अनुप्राणित हंसराज कॉलेज अपने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के उन्नयन के साथ-साथ आधुनिक जीवन की चुनौतियों के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कॉलेज से पढ़ने वाले विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में शीर्षस्थ पदों पर रहते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर हंसराज कॉलेज की गरिमामयी परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हंसराज कॉलेज का इतिहास अत्यंत ही गौरवशाली है। उन्होंने कॉलेज की स्थापना के अमृत वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस अवसर का उपयोग कुछ नए और बड़े संकल्प के लिए किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर समारोह के उपराष्ट्रपति के कर कमलों से महात्मा हंसराज पर केंद्रीत प्रो. रमा द्वारा लिखित पुस्तक 'आर्यसमाज और महात्मा हंसराज' का लोकार्पण भी हुआ। समारोह से पहले हंसराज कॉलेज परिसर में नव स्थापित महात्मा हंसराज की प्रतिमा का उपराष्ट्रपति ने अनावरण किया गया। कॉलेज की स्थापना के अमृत महोत्सव के समारोह में डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, हंसराज कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा एवं कोषाध्यक्ष डॉ. शिवरमन गौड़ व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रमा ने हंसराज कॉलेज की गरिमामयी परम्परा का स्मरण किया।

23 वें करगिल विजय दिवस पर आर्य परिषद की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय आर्य युवक परिषद की ओर से मंगलवार को 23वें करगिल विजय दिवस पर ऑनलाइन सभा का आयोजन कर भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कोरोना काल में परिषद का 422 वां वेबिनार था। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है साथ ही हमारी सेना आधुनिक व सशक्त हो रही है जिससे भारत की और कोई आंख उठाकर न देख सके।

उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक का सैनिकीकरण आवश्यक हो गया है अग्निवीर योजना उसी की एक कड़ी है युवाओं को सेना में भर्ती होना चाहिए जिससे राष्ट्र मजबूत हो अग्निवीर योजना को सफल बनाना ही करगिल के शहीद सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने युवकों को देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत करने पर बल दिया ।

सीबीएससी के नतीजों ने शिक्षा मॉडल की खोली पोल : चौ. अनिल

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा पीटने वाले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल इस वर्ष के सीबीएससी 12वीं और 10वीं के नतीजों ने खोल कर रख दी है। दूसरे राज्यों में दिल्ली शिक्षा मॉडल का झूठा बखान करने वाले केजरीवाल की खोखली शिक्षा नीति ही परिणाम हुआ कि दिल्ली 10वीं के रिजल्ट में टाप-10 से बाहर रही और रीजन के मुताबिक 12वीं के रिजल्ट में 4 और 5वें स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही चिंताजनक है कि 2007 के बाद इस 10वीं का 81.36 प्रतिशत रिजल्ट सबसे खराब रहा।

उन्होंने कहा कि जहां 10वीं का परिणाम में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का प्रतिशत 81.36 प्रतिशत रहा वहीं के केन्द्रीय विद्यालयों का रिजल्ट 99.48 प्रतिशत, जवाहर नवोदय विद्यालय का रिजल्ट 99.99 प्रतिशत रहा और दिल्ली के निजी स्कूलों 95.99 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि एक-एक करके केजरीवाल के सभी दावे झूठे और खोखले साबित हो रहे है।

उपराष्ट्रपति को भेंट की 'जय जवान, जय किसान' अमर चित्र कथा के नए संस्करण की पहली प्रति

40 वर्ष बाद प्रकाशित हुआ नया संस्करण

नई दिल्ली (एसएनबी)। लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान के अध्यक्ष अनिल शास्त्री द्वारा लिखित, ' जय जवान जय किसान' अमर चित्र कथा के नए संस्करण की पहली प्रति उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को भेंट की। लाल बहादुर शास्त्री पर आधारित-जय जवान जय किसान अमर चित्र कथा- का नया संस्करण अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस मौके पर पुस्तक के सलाहकार जीएल शर्मा और इस पुस्तक की सह-लेखक डॉ शीतल सिंह मौजूद रहीं।

भारत रत्न से सम्मानित और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पर अमर चित्र कथा का पूर्व संस्करण 1980-81 में प्रकाशित हुआ था। यह नया संस्करण लाल बहादुर शास्त्री के जीवन की नई घटनाओं को सुधार कर प्रकाशित किया गया है। भारत के युवा दिमाग को प्रेरित करने के लिए नई कहानियां जोड़ी गई हैं। लाल बहादुर शास्त्री त्रुटिहीन मूल्यों और सिद्धांतों के व्यक्ति थे। वह जीवन भर कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

पत्रांक : 76/मु.वि.प्रा./मु.अभि./2022-23 दिनांक : 26.07.2022

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण/ विकास कार्य के अन्तर्गत 01 कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना एवं विवरण, शर्तें आदि वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड /अपलोड की जा सकती है। निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

इलेक्ट्रानिक निगरानी से संबंधित डाटा देने पर केंद्र से जवाब तलब

हाईकोर्ट ने इसके लिए सरकार को छह हफ्ते का समय दिया

याचिकाकर्ता ने इलेक्ट्रानिक निगरानी की अनुमति देने संबंधी पारित आदेशों की संख्या का विवरण मांगा था

नई दिल्ली (एसएनबी)। हाईकोर्ट ने सूचना के अधिकार कानून के तहत राज्य प्रायोजित इलेक्ट्रानिक निगरानी की कुछ सांख्यिकीय सूचनाओं को देने के मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने सरकार को इसके लिए छह हफ्ते का समय दिया और सुनवाई स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उसके बारे में जानकारी देने संबंधी निर्देश नहीं देने पर हाईकोर्ट का रुख किया है और याचिका दाखिल की है।

केंद्र के वकील अनुराग अहलूवालिया ने कोर्ट को बताया कि टेलीग्राफ अधिनियम के तहत जांच की आवश्यकता न होने पर संवेदनशील प्रकृति के डाटा को छह महीने के भीतर हटा दिया जाता है। उन्होंने इस मुद्दे पर जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांग लिया। याचिकाकर्ता अपार गुप्ता के वकील ने कहा कि वह केवल इस बारे में सांख्यिकीय डेटा की मांग कर रहे हैं कि कितनी बार निगरानी का सहारा लिया गया था।

गुप्ता ने दिसम्बर, 2018 में सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत छह आवेदन दायर कर एक निश्चित अवधि के दौरान इलेक्ट्रानिक निगरानी की अनुमति देने संबंधी पारित आदेशों की संख्या का विवरण मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा है कि आरटीआई के तहत उसकी दूसरी अपील पर भी मांगा गया डाटा नहीं दिया गया। यह कहा गया कि डाटा नष्ट किए जाने के कारण यह उपलब्ध नहीं है। उसने कहा कि सीआईसी के समक्ष सीपीआईओ ने कहा कि निगरानी से संबंधित कोई सांख्यिकीय जानकारी या डाटा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि आरटीआई में व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य कोई जानकारी नहीं मांगी गई थी।

एआईसीटीई का प्रशिक्षण व शिक्षण एफडीपी कैलेंडर 2022-23 जारी

नई दिल्ली, (एसएनबी)। अखिल भारतीय तकनीकी संस्थान परिषद ने सत्र 2022-23 के लिए प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) शुरू किया है। पुनः डिजाइन किए गए अटल अकादमी एफडीपी 2022-23 का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 का प्रभावी कार्यान्वयन है।

एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल डी सहस्त्रबुद्धे ने मंगलवार को यहां पुनः डिजाइन, सहयोगी और शिक्षार्थी केंद्रित संकाय विकास कार्यक्रमों के लिए एटीएएल के एफडीपी कैलेंडर 2022-23 का शुभारंभ किया। प्रो. सहसबुद्धे ने कहा कि उच्च शिक्षा प्रणाली वैश्विक रुझानों से निपटने के लिए एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) -2020 इस यात्रा में एक प्रकाश स्तंभ है। गुणवत्ता शिक्षक समुदाय हमेशा परिवर्तनों को लागू करने के लिए एक संभावित शक्ति है और ज्ञान निर्माण, ज्ञान साझा करने और इसके प्रसार के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में ज्ञान के अनुप्रयोग, महत्वपूर्ण सोच, समस्या समाधान, टीम निर्माण और परियोजना प्रबंधन के माध्यम से मूल्यवर्धन है। उन्होंने कहा कि बढ़ते परिवर्तन, जटिलता और अनिश्चितता दुनिया में अतीत के कौशल आज या कल हमारे काम नहीं आएंगे। औद्योगिक क्रांति के बाद से तकनीकी प्रगति कई गुना बढ़ गई है, जबकि सामाजिक परिवर्तन और जनसांख्यिकीय विविधता कभी भी अधिक क्रॉसपोलिनेटिंग इनोवेटर्स को जन्म देती है। प्रत्येक नई पीढ़ी एक ऐसी दुनिया का अनुभव करती है जो पहले से कहीं अधिक तेजी से बदल रही है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सूबेदार जगमाल सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह निवासी ए–172, सेक्टर–26, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय मकान नं0 बी–74, सेक्टर–23, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 416 पृष्ठ नं0 41 से 50 पर कमांक नं0 2348 दिनांक 19.10.2013 में पंजीकृत है। अतः श्री सूबेदार जगमाल सिंह की मृत्यु उपरान्त उक्त मकान का नामान्तरण श्री प्रवीन कुमार सिंह पुत्र श्री सूबेदार जगमाल सिंह निवासी ए–172, सेक्टर–26, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।

प्रवीन कुमार सिंह

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सूबेदार जगमाल सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह निवासी ए–172, सेक्टर–26, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर व्यावसायिक दुकान नं0–3, ब्लॉक–बी मार्केट सेक्टर–26, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 416 पृष्ठ नं0 41 से 50 पर कमांक नं0 2348 दिनांक 19.10.2013 में पंजीकृत है। अतः श्री सूबेदार जगमाल सिंह की मृत्यु उपरान्त उक्त व्यावसायिक दुकान का नामान्तरण श्री प्रवीन कुमार सिंह पुत्र श्री सूबेदार जगमाल सिंह निवासी ए–172, सेक्टर–26, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण के व्यवसायिक विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।

प्रवीन कुमार सिंह

पत्नी के साथ रहने के लिए वायुसेना कर्मी की दिल्ली ट्रांसफर की मांग हाईकोर्ट ने ठुकराई

स्थानांतरण नीति के अनुसार सामान्य पारिवारिक जीवन जीने के लिए पति और पत्नी को एक ही स्टेशन पर तैनात किया जा सकता है

किसी सरकारी कर्मचारी को अपनी पसंद की पोस्टिंग का दावा करने का कोई निहित अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली (एसएनबी)। हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रहने एवं सामान्य वैवाहिक जीवन जीने के लिए दिल्ली स्थानांतरण की मांग करने वाले वायुसेना के एक कर्मी की मांग को ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि स्थानांतरण नीति के अनुसार सामान्य पारिवारिक जीवन जीने के लिए पति और पत्नी को एक ही स्टेशन पर तैनात किया जा सकता है, लेकिन किसी सरकारी कर्मचारी को अपनी पसंद की पोस्टिंग का दावा करने का कोई निहित अधिकार नहीं है।

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को सिर्फ इस आधार पर दिल्ली में स्थानांतरित करने की की अनुमति नहीं दी जा सकती कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है। याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी से मिलने में कोई बाधा नहीं है, क्योंकि वह हर साल 30 दिन आकस्मिक छुट्टी के अलावा सालाना 60 दिन की छुट्टी का हकदार है। जबकि केंद्र सरकार के एक संस्थान में काम करने वाली याचिकाकर्ता की पत्नी भी विभिन्न छुट्टियों की हकदार है। इस दशा में इस अदालत की राय है कि याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए दिल्ली में स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

शिलांग में तैनात याचिकाकर्ता ने कहा था कि उसने अक्टूबर 2019 में अपने परिवार की इच्छा के खिलाफ शादी की, लेकिन वैवाहिक जीवन नहीं जी पाया, क्योंकि वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए बार-बार छुट्टी लेने में असमर्थ है। कुछ खास कारणों से उसकी पत्नी भी वहां स्थानांतरित नहीं हो सकती है। वह 5-6 महीने में केवल एक बार अपनी पत्नी से मिल पाता है। उसका जीवन खराब हो गया है। इसलिए उसका स्थानांतरण दिल्ली कर दिया जाए।

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल, राष्ट्रीय राजमार्ग-2, सिकन्द्रा,आगरा।

पत्रांक : निर्माण/आगरा/2022-501 दिनांक : 26.07.2022

ई-निविदा शुद्धि सूचना

इस कार्यालय पत्रांक 439 दिनांक 08.07.2022 द्वारा आमंत्रित निविदाओं मे क्रमांक 01 व 02 हेतु कॉलम संख्या 06 में निविदा प्रपत्र का मूल्य 1180.00 के स्थान पर क्रमशः रुपया 7600.00 एवं रुपया 3400.00 पढ़ा जाये तथा क्रमांक संख्या 01 पर अंकित निविदा हेतु निविदादाता का हॉटमिक्स प्लान्ट, पेवर एवं अन्य मशीनरी के स्वामित्व/लीज आदि से संबंधित अभिलेखीय साक्ष्य भी अपलोड कराना अनिवार्य है। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, (आगरा)

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड Aadhar Housing Finance Ltd

(CIN: U66010KA1990PLC011409)

पंजीकृत कार्यालय: द्वितीय मंजिल, नं.3, जेवीटी टॉवर्स, 8वां ए मेन रोड़, सम्पंगी रामा नगर, हुडसन सर्कल बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत-560027, e-mail: customercare@aadharhousing.com

कंपनी की शाखा के स्थानांतरण/स्थान परिवर्तन के लिए आम सूचना

यह आम जनता, ग्राहक और जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) का तीसरी मंजिल, शर्णम प्लाजा, पिछला भाग, सी-53-बी, आरडीसी, राज नगर, गाजियाबाद - 201002, उत्तर प्रदेश (पुराना पता) स्थित कार्यालय को नये शाखा पते - ओप्स प्लाजा, तीसरी मंजिल, बी-2, आरडीसी, राज नगर, गाजियाबाद (जिला) - 201002, उत्तर प्रदेश, पर इस सूचना के प्रकाशित होने के 90 दिनों के बाद स्थानांतरण/स्थान परिवर्तन कर दिया जाएगा। किसी और जानकारी के लिए या कोई स्पष्टीकरण के लिए कृपया AHFL की आधिकारिक वेबसाईट http://www.aadharhousing.com पर जायें, या हमारी नजदीकी शाखा या टोल फ्री नंबर 180030042020 पर संपर्क करें।

ह/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

दिनांक : 26.07.2022

ग्रेनो में जल्द पूरी होगी 'गंगा जल परियोजना'

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा (ग्रेनो) में 17 वर्षों से अटकी गंगा जल परियोजना जल्द पूरी होने वाली है। इससे ग्रेनो के आठ लाख लोगों को तात्कालिक रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अलावा आने वाले समय में आबादी बढ़ने के बावजूद ग्रेनो में दशकों तक लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आठ सौ करोड़ की लागत वाली गंगा जल परियोजना को शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शासन स्तर से परियोजना की लगातार मानिटरिंग की गई और स्थानीय स्तर पर अफसरों ने किसानों से संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकाला। फिलहाल, पल्ला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर कमिश्निंग का काम चल रहा है। गंगाजल शीघ्र ही जैतपुर स्थित ट्रीटमेंट प्लांट पहुंच जाएगा और फिर ग्रेटर नोएडावासियों तक गंगाजल पहुंचाने का काम शुरू होगा। प्राधिकरण ने अगले तीन माह में गंगाजल की आपूर्ति के लिए कमीशनिंग का काम पूरा होने की उम्मीद जताई है।

इस बारे में ग्रेटर नोएडा अथारिटी के पेयजल विभाग के सीनियर मैनेजर कपिल सिंह बताते है कि परियोजना के पूरा होते ही दो चरणों में लोगों को गंगा जल उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें पहले चरण में तीन महीने बाद ग्रेनो ईस्ट और दूसरे चरण में उसके तीन महीने बाद ग्रेनो पश्चिम में गंगा जल उपलब्ध कराया जाएगा।

सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देशों पर ग्रेनोवासियों के घरों तक गंगाजल शीघ्र लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना सभी ग्रेटर नोएडावासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे एक तरफ उनके घरों में गंगाजल आने लगेगा और दूसरी तरफ भूजल की भी बचत होगी। इससे भूजल स्तर में भी सुधार होगा। सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देशों पर ग्रेनोवासियों के घरों तक गंगाजल शीघ्र लाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि., बेलरायां खीरी

ई निविदा सूचना

इस मिल समिति में आपूर्ति / जॉब वर्क सम्बन्धी कार्यो हेतु विभिन्न तिथियों में ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त ई निविदायें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्यदिवस में मिल के क्रय खण्ड / मुख्य अभियन्ता कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। प्रत्येक निविदा के साथ सम्मुख अंकित धरोहर धनराशि एवं निविदा फार्म का मूल्य रु० 590 / – (जी0एस0टी0 सहित) मिल में डिमाण्ड ड्राफ्ट / आर०टी०जी०एस० के रूप में निविदा खुलने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

Sl. No.	Name of the item	Technical Commercial bid opening date	E.M.D. (in Rs.)	Starting date of uploading of E-Tender
1.	Supply of New Roller Shaft (Bloom)	30.07.2022	30000.00	25.07.2022
2.	Supply of V Belt Different type	03.08.2022	10000.00	27.07.2022
3.	Cane unloader no.2 bridge strengthening work so that its span may not bend during season.	03.08.2022	30000.00	27.07.2022
4.	Supply & Installation of Cooling Tower	03.08.2022	10000.00	28.07.2022
5.	Supply of Electric Motor (ID Fan Motor)	03.08.2022	20000.00	28.07.2022
6.	Supply & Installation of Single Entry Condenser for 60 ton pan	03.08.2022	20000.00	28.07.2022
7.	Supply of Packing % Joining	03.08.2022	5000.00	28.07.2022

प्रधान प्रबंधक

जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड JUBILANT FOODWORKS

सीआईएन: L74899UP1995PLC043677

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट 1ए, सेक्टर 16ए, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा–201 301, उत्तर प्रदेश

कॉरपोरेट कार्यालय: 5वीं मंज़िल, टॉवर डी, लोजिक्स टैक्नो पार्क, सेक्टर 127, नोएडा–201 304, उत्तर प्रदेश

फोन: +91-120-4090500, फैक्स: +91-120-4090599

वेबसाइट: www.jubilantfoodworks.com, ईमेल: investor@jublfood.com

27वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू प्रावधानों एवं तद्धीन विरचित नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) और सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई 2022 ('सेबी परिपत्र') (एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र को सामूहिक रूप से **'परिपत्र'** के रूप में संदर्भित किया जाता है), एतदद्वारा **सूचना** दी जाती है कि **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों के सत्ताईसवीं (27वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम'), मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('वीसी/ओएवीएम')** के माध्यम से, एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य अधिनियम की धारा 103 के तहत् कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा।

उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में एजीएम की सूचना, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') के साथ यथासमय उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजी जाएंगी, जिनकी ई–मेल आईडीज़ कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट ('आरटीए')/डिपॉज़िटरी पार्टिसीपेंट ('डीपी') के पास पंजीबद्ध है। उपरोक्त दस्तावेज़ कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंजिज़ नामतः बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा नैशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराई जाएगी।

सदस्यों को इस सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा ('एजीएम से पहले') तथा ई–वोटिंग की सुविधा ('एजीएम में') प्रदान कर रही है। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा, के माध्यम से एजीएम में उपस्थित है और जिनके द्वारा प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा नहीं डाला गया है। जो सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। रिमोट ई–वोटिंग एजीएम में ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और विधि तथा वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए हैं।

सदस्यगण, जिनकी ई–मेल आईडीज़ कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास पहले से पंजीबद्ध हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग के लिए एजीएम सूचना में उपलब्ध कराए गए अनुदेशों का पालन कर सकते हैं। सदस्यगण, जिनकी ई–मेल आईडी'ज़ पंजीबद्ध नहीं करावाई हैं, उनको कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं इत्यादि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपनी ई–मेंल आईडी पंजीकृत अथवा अद्यतन कराने हेतु निम्न प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध है। ई–मेल आईडी का सफल पंजीकरण होने पर, ई–वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड सदस्य की पंजीकृत ई–मेल आईडी पर भेजा जाएगा।

(i) जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर डीमैट रूप में धारण किए हुए हैं, वे लिंक https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_register.html पर क्लिक करके तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके कम्पनी के आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. ('लिंक इनटाइम') के पास अपनी ई–मेंल आईडी अस्थायी रूप से पंजीकृत करवा सकते हैं। तथापि ई–मेल आईडी के स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्यों से अपने संबन्धित डीपी से सम्पर्क करने और डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

(ii) जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, वे लिंक https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करके तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके, लिंक इनटाइम के पास अपना विवरण पंजीकृत करवा सकते हैं।

(iii) विकल्पत, सदस्य ई–वोटिंग के लिए यूज़र आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करवाने के लिए एजीएम में वर्णित दस्तावेज़ उपलब्ध करवाते हुए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 30 मई, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभांश भारतीय रुपए 1.20/– प्रति इक्विटी शेयर अंकित मूल्य रुपए 2/– प्रत्येक का भुगतान संस्तुत किया है, जो एजीएम में सदस्यों के अनुमोदन की शर्त के तहत है। लाभांश, यदि सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया, का भुगतान, लाभांश प्राप्त करने हेतु सदस्यो की पात्रता निर्धारण के लिए रिकार्ड तिथि अर्थात् 11 जुलाई, 2022 को कम्पनी के इक्विटी शेयर इलेक्ट्रॉनिक या भोतिक रूप में धारक सदस्यों को किया जाएगा।

आयकर अधिनियम, 1961 ('आईटी ऐक्ट') के प्रावधानो के निबन्धनों में, सदस्यों के हाथों में लाभांश आय कर योग्य होगी तथा कम्पनी द्वारा भुगतान किए गए लाभांश से निर्धारित दर पर स्त्रोत पर कर कटौती अपेक्षित है। स्त्रोत पर कर कटौती सदस्यों की आवासीय स्थिति तथा श्रेणीकरण, प्रस्तुत और कम्पनी द्वारा स्वीकार किए गए दस्तावेज़ों पर निर्भर होगी। अतएव सदस्यों से आवश्यक कर संबंधी दस्तावेज/घोषणाएं लिंक https://web.linkintime.co.in/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html पर 02 अगस्त, 2022 को अथवा पूर्व अपलोड करनी होगी, ताकि कम्पनी उपयुक्त लागू कर दर निर्धारित कर सके।

जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर डीमैंट रूप में धारण किए हुए हैं तथा अपना बैंक विवरण पंजीकृत नहीं करवाया है उनसे अनुरोध हे कि वे अपना बैंक विवरण पंजीकृत करवाने हेतु अपने संबंधित डीपी से सम्पर्क करें। जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए है तथा अपना बैंक विवरण पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना बैंक विवरण लिंक इनटाइम के पास पंजीकृत करवाने हेतु लिंक : https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करें तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करें।

कृते **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
हस्ता/–
(मोना अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

दिनांक: 26 जुलाई, 2022
स्थान: नोएडा